




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 06 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 14 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## फिर लौटा मानसून...

### जमकर बरसे बदरा, ठंडक घुली

**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** समूचे अंचल में रविवार सुबह से कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश का दौर चलता रहा। सुबह 12.30 बजे तक यह क्रम चला। इसके बाद बारिश तो बंद हो गई, लेकिन दिनभर बादल छाए रहे। बारिश के चलते मौसम ठंडा हो गया। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 27 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। बारिश के दो सिस्टम की एक्टिविटी के चलते ऐसा हो रहा है।अगले 24 घंटों में सिस्टम कमजोर हो जाएगा।

मौसम वैज्ञानिको के अनुसार अंचल सोमवार को भी एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के 46 जिलों से मानसून लौट चुका है। लेकिन, 2 सिस्टम फिर से एक्टिव हो गए हैं। अक्टूबर में जब भी दशहरा पड़ता है, तब बारिश के आसार बनते हैं। इस बार भी दशहरे पर मौसम बदला-बदला रहा। पिछले 10 साल में 6वीं बार दशहरे पर बारिश, गरज-चमक और आंधी चली।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि अरब सागर में लो प्रेशर एरिया के साथ मानसून ट्रफ की एक्टिविटी है। इस वजह से दक्षिण-पश्चिमी हवाएं इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल संभाग में नमी ला रही हैं और बारिश हो रही है। 15 अक्टूबर तक ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले सप्ताह यानी 20 अक्टूबर से प्रदेश में ठंडक बढने का अनुमान है। रात में पारा 20 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच सकता है। हालांकि, दिन में तापमान 33-34 डिग्री के बीच ही रहेगा। अक्टूबर के आखिरी में दिन के तापमान में भी गिरावट होने लगेगी।

### नीमच में भी बारिश का दौर...

नीमच जिले में शनिवार देर शाम बारिश का दौर जारी रहा। रविवार को सुबह जिले की तहसीलों में तेज बारिश हुई। लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर रहे। जीरन, नीमच, जावद, सिंगोली, मनासा, रामपुरा क्षेत्र में हल्की से तेज बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते नीमच-सिंगोली मार्ग पर कई स्थानों पर रपट पर पानी आ गया। इससे यातायात प्रभावित हुआ। इतना ही नहीं जीरन, नीमच तहसील में भी बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया। खेतों में कटी हुई फसल पानी से भीग गई, वहीं कई जगह बहाव तेज होने से कटी हुई फसल पानी में बह गई। जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मोरवन तालाब की चादर एक बार फिर चल निकली।

# इंदौर से सीखने की जरूरत..!

## वहां कतरन पर भी बैन, मंदसौर में पालीथिन ही नहीं रोक पाए

### 'आई लव मंदसौर' लिखकर इंदौर से बराबरी की नाकाम कोशिश

**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के दशपुर कुंज बगीचे के बाहर 'आई लव मंदसौर' लिखकर अतिक्रमण के बीच सेल्फी पाइंट बनाकर इंदौर से बराबरी की कोशिश की जा रही है। क्लीन और ग्रीन सीटी के सपने नपा के अफसर और जनप्रतिनिधि दिखा रहे हैं। लेकिन, हकीकत में धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा। इसका उदाहरण है प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई, इंदौर नगर निगम सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद अब चमकीली पन्नियों और कागजों की कतरन (कन्फेटी) का उपयोग भी प्रतिबंधित करने की तैयारी कर रहा है। लेकिन, मंदसौर में अभी प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और इसके उत्पाद पर ही अंकुश नहीं लगा जा सका है। आलम यह है कि शहर के किसी भी बाजार, साप्ताहिक हाट, फल और सब्जी वालों के साथ गली मोहल्लों की दुकानों पर भी धड़ल्ले से प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन, नपा की ओर से कार्रवाई नहीं होने के कारण न दुकानदारों में और न ही आम लोगों में इस कार्रवाई को लेकर डर है। यही वजह है कि शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग थम ही नहीं रहा है।

### इसलिए प्रतिबंध जरूरी...

चमकीली पन्नियों और कागजों की कतरन का इस्तेमाल जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी जैसे आयोजनों, रैली, चल समारोह और अन्य खुशी के मौकों पर किया जाता है। इसका चलन तेजी से बढ़ा है। जबकि, पहले इन मौकों पर फूल या फूलों की पंखुडी का उपयोग किया जाता था। परेशानी यह है कि यह कचरा बारीक और हल्का होने के कारण यहां-वहां फैलता है और बाद में इसे साफ करना भी मुश्किल होता है। सड़क पर चिपकने के कारण सफाई कर्मियों के झाड़ू लगाने पर भी साफ नहीं होता है। यही वजह है कि इन पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत महसूस की जा रही है। यह काम इंदौर ने किया है। जबकि, मंदसौर तो अभी पॉलीथिन ही बंद नहीं करवा पा रहा है। नगर निगम इंदौर ने धारा 144 के तहत कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा है।

### यह अंतर इंदौर और मंदसौर में...

जानकर हैरानी होगी कि इंदौर के 29 प्रमुख बाजार सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त हो चुके हैं। यानी इन बाजारों में लोग सामान लाने और ले जाने के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग नहीं करते हैं। लोग यहां प्लास्टिक के डिस्पोजल ग्लास का उपयोग नहीं करते हैं। अब इंदौर नगर निगम ऐसे बाजारों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। महानगर के 80 बाजार प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त करने के लिए कवायद शुरू की गई है। इधर अब मंदसौर की बात करें तो प्लास्टिक के डिस्पोजल का प्रयोग अभी भी जारी है। शादी ब्याह के अलावा खाद्य सामग्री की दुकानों पर इसका उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। बाजार में प्लास्टिक की थैली प्रतिबंध की बात करें तो एक भी बाजार प्लास्टिक की प्रतिबंधित थैली से मुक्त नहीं हो पाया है।

### रोज 70 किलो अमानक पॉलीथिन का उपयोग...

दो साल पहले सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध जरुर लग गया है। पर असर अब तक नहीं दिख रहा। अकेले मंदसौर शहर में ही प्रतिदिन लगभग 70 किलो तक तो अमानक पालीथिन का ही उपयोग हो रहा हैं। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक की श्रेणी में आने वाले तमाम तरह के डिस्पोजल सामान भी बाजार में उपलब्ध हैं। ज्यूस की दुकान से चाय की दुकान तक यह दिख रहे हैं। बड़े-बड़े



जनरल स्टोर्स पर भी बिक रही हैं। नगर पालिका केवल दिखावे की कार्रवाई करती आ रही है।

### प्लास्टिक पर सख्ती के लिए प्रशासन के पास कोई प्लानिंग नहीं...

जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए नगरीय निकाय और प्रशासन के पास कोई प्लानिंग ही नहीं है। पहले ही प्रशासन और नगर पालिका ने प्रतिबंध का पालन करवाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक को प्रभावी बनाने के लिए फिलहाल प्रशासन ने कोई तैयारी नहीं की है। शहर के खाली प्लाटों में बिखरे पड़े पालीथिन, यहां-वहां लगे कचरे के ढेर और प्लास्टिक भी बड़ी समस्या बनी है। स्वच्छता अभियान के दौरान भी पालिथीन के उपयोग को लेकर नपा ने जागरुकता अभियान चलाये है, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ।

## स्कूटी सवार की मौत

**नीमच, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। शहर के बघाना थाना क्षेत्र के बामनबर्डी गांव में शनिवार शाम पैदल जा रहे 67 वर्षीय वृद्ध मजदूर को स्कूटी चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई।**

पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम सलीम खान था। वह पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र का रहने वाला था। नीमच में कई दिनों से आधा दर्जन साथियों के साथ रहकर काम कर रहा था। शनिवार शाम बामनबर्डी में अपना काम खत्म कर लौट रहा था, तभी हादसा हो गया। गंभीर हालत में उसे नीमच के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अधेड़ पर महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप

### लोगों ने पीटा, सात जनों पर प्रकरण दर्ज

**गरोठ, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के पीपलखेड़ा में एक 55 साल के व्यक्ति पर महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। बताया गया है कि महिला द्वारा शोर मचाने पर परिजन आ गए। उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। पुलिस ने महिला का मेडिकल टेस्ट कराने के बाद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

इधर आरोपी से मारपीट करने पर पीड़ित पक्ष के सात लोगों पर भी मारपीट की धारओ में प्रकरण दर्ज किया है। पीडित महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने जानवरों को पानी पिलाने के लिए गई थी, तभी आरोपी प्रकाश मीणा ने उसके साथ हरकत की। पीड़िता के पति ने बताया कि आरोपी प्रकाश मीणा का जमाई अर्जुन उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसके पास इसकी रिकॉर्डिंग भी है। गरोठ थाना प्रभारी धर्मेंद्र शिवहरे ने बताया कि घटना 10 अक्टूबर की है।

## शानू नाटाराम, खानसेद लसुड़िया को डोडाचूरा के साथ पकड़ा..!

### ✻ प्रेमसुख के घर पहुंची टीम, कई लोगों से पूछताछ जारी ✻ प्रेमसुख के परिजनों पर भी प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही, जैल भेजा

**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल में ड्रग्स फैक्टरी पकड़ने के मामले में कई आरोपियों से पूछताछ जारी है। मंदसौर के हरीश आंजना के बाद प्रेमसुख पाटीदार भी पुलिस और एजेंसियो के शिकंजे में आ चुका है। हालांकि फिलहाल उससे पूछताछ नहीं हुई है। लेकिन, जल्द ही पूछताछ की जाएगी। पैर में गोली मारकर पहुंचे आरोपी प्रेमसुख पाटीदार को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। जांच एजेंसिया उससे एक-दो दिन में पूछताछ कर सकती है। मंदसौर पुलिस ने प्रेमसुख के कई करीबियों को राउंडअप किया है। जिले में अभी तक एक दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। वहीं प्रेमसुख पाटीदार के हथुनिया स्थित घर पर पुलिस पहुंची। एनसीबी, एटीएस सहित एसडीओ पुलिस कर्ति बघेल एवं पुलिस बल ने पहुंचकर वहां जांच पड़ताल की। इधर पूछताछ में कई राज खुल रहे हैं। इधर लसुड़िया ईला के खानसेद और नाटाराम के शानू को पुलिस ने डोडाचूरा के साथ पकड़ा है। इन पर भी हरीश के साथ संबंध होने की आशंका थी। इधर प्रेमसुख पाटीदार के भतीजे, भाई और साले पर भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। उन्होंने पूछताछ में सहयोग नहीं किया था। वे सभी रविवार को जमानत न मिलने से जैल भेज दिए गए है।



भोपाल के बगरोदा की बंद फैक्ट्री में पकड़े गए 1814 करोड़ के मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स मामले के आरोपी अमित चतुर्वेदी, हरीश आंजना और प्रेमसुख पाटीदार के राजदार एनसीबी के रडार पर हैं। संदेह के आधार पर मंदसौर में करीब 12 से ज्यादा लोगों से पुलिस पूछताछ कर चुकी है। इधर भोपाल में जांच एजेंसी आधा दर्जन लोगों को राउंडअप कर चुकी है। जांच में सामने आया है कि अमित व हरीश नासिक के सान्याल से एमडी ड्रग्स बनाने का तरीका भी सीख रहे थे। केमिकल सप्लायर होने की वजह से अमित पहले से बारीकियां समझता था। वहीं किराए के फ्लैट पर रुकने वाला हरीश भी फैक्ट्री इसी वजह से आता था। नेटवर्क खड़ा करने के साथ हरीश गुजरात से केमिकल भी लाता था। गिरोह का मकसद देशभर में बड़ा एमडी नेटवर्क खड़ा करना था। महाराष्ट्र में सान्याल के संपर्क में कौन था। जांच एजेंसी इसका पता कर रही है। जैल में सान्याल किन बंदियों के संपर्क में आया। इस पर भी जांच ..... **शेष पेज 4 पर**










# विजयादशमी पर्व पर निकला संघ का पथ संचलन



**सुवासरा, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में पथ संचालन निकाला गया जिसमें समाज जनों द्वारा अपने-अपने घरों व चोराहो से भव्य पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया संचलन का संगम नगर के सभा चौक पर हुआ इस अवसर पर अंबेडकर बस्ती में वक्ता श्री डॉ. सुमंत जी कुशवाह सह विभाग कार्यवाह विवेकानंद बस्ती में श्री भारतसिंह जी पंवार विभाग धर्म जागरण संयोजक गायत्री बस्ती में पंकज जी का बौद्धिक हुआ जिसमें कहा गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 99 वर्ष पूर्ण का शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है विश्व का एकमात्र संगठन है जो 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है संघ समाज में परिवर्तन लाने के लिए सतत प्रयत्नशील है जिसमें ' स्व ' आधारित जीवन शैली नागरिक कर्तव्यों का पालन करना पर्यावरण का संरक्षण करना कुटुंब प्रबोधन करना व सामाजिक समरसता लाने के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करते हुए राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने का कार्य हम सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर करना है।

## संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव और निकाला पथ संचलन



**नगरी, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस विजयदशमी पर नगर नगरी का विजयादशमी उत्सव, स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। जिसमें शस्त्र पूजन कार्यक्रम एवं बौद्धिक हुआ। बौद्धिक में श्रीमान गणेश जी वर्मा जिला सामाजिक समरसता संयोजक का उद्बोधन प्राप्त हुआ ।संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर उन्होंने सब हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि संघ की नियमित शाखा में अपनी दैनिक उपस्थितिरहे। और हमारा समाज में प्रत्यक्ष संपर्क हो।

बौद्धिक में संघ के द्वारा शताब्दी वर्ष पर समाज के बीच ले जाने वाले पांच बिंदु (पंच परिवर्तन)को स्वयंसेवकों के बीच विशेष तौर पर रखा। जिसमें स्वदेशी, पर्यावरण, नागरिक शिष्टाचार, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता प्रमुख है। कार्यक्रम में नगरी नगर के लगभग 225 स्वयंसेवक बंधुओ ने सहभागिता की। विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम के पश्चात नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बस्ती सह संचलन निकला। जिसका समापन नई आबादी में हुआ। संचलन का जगह जगह समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।



## आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

**पिपलियामंडी, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में विजयादशमी पर आरएसएस ने दंड, शस्त्र, ध्वज, तरुण वाहिनी व घोष के साथ पथ संचलन विभिन्न मार्गों से निकला। केशव बस्ती का संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से तो माधव बस्ती का संचलन पुराना गाडी अड्डा से निकला, जगह-जगह संचलन का पुष्पवर्षा व आतिशबाजी से स्वागत् किया। संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन हुआ।




# स्वामी विवेकानन्द रंगोली प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था विनर क्लब मातृशक्ति वाहिनी द्वारा दीपावली त्यौहार के अंतर्गत भव्य स्वामी विवेकानन्द रांगोली प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 अक्टूबर, रविवार को अग्रसेन मांगलिक भवन नरसिंहपुरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागी भाग लेकर अपनी रांगोली कला का प्रदर्शन कर रहे है।

प्रारंभ में मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद नेशनल प्रोजेक्ट मेम्बर श्रीमती रेखा पोरवाल, भारत विकास परिषद संस्कार प्रमुख श्रीमती दिप्ती व्यास, अग्रवाल समाज गर्ल्स क्लब अध्यक्ष सुश्री आशी गोयल, भावना आर्टर्स क्लास संचालिका रंगोली आर्टिस्ट सुश्री भावना लोहार, एफ एण्ड डी डांस क्लास संचालिका श्रीमती अमीषाा मोहनिया ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया तथा फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कहा कि रंगोली एक प्राचीन कला है। विभिन्न रंगों से खूबसूरत आकृतियों में बनी रंगोली मनुष्य के मन में प्रसन्नता का भाव पैदा करने के साथ ही परिवार को एकता में पिरोने का संदेश भी देती हैं। रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन महिलाओं एवं बालिकाओं में छुपी हुई प्रतिभा निखरती है। प्रतिभागियों को सीखने के लिए एक मंच भी मिलता है । विनर क्लब बौद्धिक विकास के लिए समय- समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करता है जो साधुवाद का पात्र है। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के संस्थापक अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि दीप पर्व के पूर्व विनर क्लब मातृशक्ति द्वारा रंगों की इस परम्परा को विस्तृत रूप देते हुए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता महिलाओं एवं बालिकाओं के लिये रखी गई है जिसमें 16 प्रतिभागी भाग ले रहे है जिसमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतियोगियों को क्लब द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही अन्य प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिये जायेंगे। इस अवसर पर विनर क्लब मातृशक्ति वाहिनी की शशि झलोया, निशा कुमावत, मालती गेहलोद, समता गुप्ता, मधु नारायणिया, सुधा मुंगड़, सुनिता कुमावत, सीमा चौरड़िया, पूजा ठाकुर, ममता पालीवाल, अंगुरबाला जैन सहित विनर क्लब परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समता गुप्ता ने किया व आभार सुनीता कुमावत ने माना। उक्त जानकारी निशा कुमावत ने दी।

## संभाग बनाने के लिए पोस्टकार्ड अभियान के 12वें दिन जांगड़ा पोरवाल समाज ने निभाई सहभागिता



**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत गांधी चौराहा पर प्रतिदिन चल रहे पोस्टकार्ड अभियान में 12 दिन रविवार को श्री जांगडा पोरवाल समाज के समाज के महानुभाव और मातृशक्ति सम्मिलित हुई सविनय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम मंदसौर को संभाग बनाने की मांग का पोस्टकार्ड लिखा और इस चौराहे से आवागमन करने वाले लोगों से भी इस अभियान में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर श्री जांगडा पोरवाल समाज मंदसौर के अध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता तथा सर्व श्री मदनलाल गुप्ता, रामनिवास धनोतिया, रमेश चंद्र सेठिया, मोहनलाल गुप्ता, अनिल सेठिया, अशोक धनोतिया, दिनेश रत्नावत, ओम प्रकाश रत्नावत, रामगोपाल रत्नावत दिलीप सेठिया, ओमप्रकाश चौधरी, राजेश फरक्या ,प्रवीण गुप्ता, सुरेश मांदलिया, सुरेंद्र संघवी, गौरव रत्नावत एडवोकेट ,विनोद गुप्ता, सुरेंद्र फरक्या, जगदीश चंद्र चौधरी, कृष्ण कुमार मोदी, अनिल चौधरी, दीपक चौधरी, दिनेश फरक्या तथा पोरवाल समाज महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सेठिया ,संतोष मांदलिया, प्रमिला संघवी, पार्षद शांति फरक्या निर्मला मांदलिया, ललिता सेठिया रेखा मांदलिया आदि सम्मिलित हुए। पोस्टकार्ड अभियान के 11 दिन दिव्यांगों के लिए कार्यरत संस्था सक्षम के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र पांडेय और ,मालवीय जीनगर समाज के अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनगरा और समाजजन, तथा मप्र छत्तीसगढ़ गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह चावला ने सहभागिता दर्ज की। पोस्टकार्डअभियान में प्रतिदिन श्रीमती सीमा चोरडिया अजीजुल्ला खान खालिद राधेश्याम मालवीय और बंसीलाल टॉक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। आज दो संगठन होंगे सहभागी मंदसौर नागरिक मंच के समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल व ब्रजेश जोशी ने बताया कि मंदसौर को संभाग बनाने के आंदोलन के 13 दिन अभिव्यक्ति ओपन माइक संस्था एवं चोरडिया सेवा संस्थान के प्रतिनिधि सहभागी होंगे। उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी दी।

# पहले सेना में हुआ युद्ध, रावण के नाक पर मुक्का मार कर किया वध

**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** एमपी अजब है एमपी गजब है यह कहावत तो आपने सुनी ही होगी ओर कुछ अलग ही अंदाज में देखने को भी मिलीं होगी लेकिन आपको मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के धमनार गांव से आपको रूबरू कराना चाहते हैं जहां पर दशहरे का पर्व एक अलग ही अंदाज से परंपरागत व कहीं वर्षों सें दशहरे का पर्व कुछ अलग ही अंदाज से मनाते हुए आ रहे हैं।

इस पर्व को भी कई जगह अलग-अलग तौर तरीके से मनाया जाता है। एक तरफ मध्य प्रदेश के मंदसौर में रावण की ससुराल होने से,आज के दिन उसे पूजा जाता है। वहीं इसी जिले में एक गांव ऐसा भी है जहां रावण की पक्की प्रतिमा बनी हुई है ,और उस पर लोग चढ़ाई करके दशहरे के दिन उसका वध करते हैं। चढ़ाई के दौरान युद्ध में जो युवक राम रावण के उप्रर चढ़कर उसे मारता है। वह उस साल का राम कहलाता है। मंदसौर जिले के ग्राम धमनार में दशहरे के पर्व को मनाने की बड़ी अनूठी परंपरा है। यहां सैकडो सालों से रावण की प्रतिमा पर चढ़ाई करने की परंपरा है। इस गांव में रावण की 51 फीट पक्की सीमेंटेड प्रतिमा है,यंहा रावण महाराज एक आसन पर दोनों हाथ अपने घुटने पर टिकाते हुए विराजमान है। इस प्रतिमा पर लोग चढ़ाई करते हैं और उसके बाद जो युवक इस पर चढ़कर उसकी नाक तोड़ देता है वह उसे साल का राम कहलाता है। खास



बात यह है कि इस परंपरा का निर्वाह पूरी तरह रामायण की कथा के हिसाब से ही मनाया जाता है। यहां रावण वध के पहले राम और रावण की सेवा में युद्ध होता है ।सबसे पहले लंका दहन होती है, और फिर दोनों सेना में युद्ध की ललकार होती है। इस दौरान आसन पर विराजमान रावण के साथ आसन पर रावण की सेना खड़ी होती है, और नीचे राम की सेना होती है। फिर राम और रावण में युद्ध की घोषणा के बाद राम की सेना, रावण के आसन पर चढ़ाई करती है । राम की सेना फिर आसन पर विराजमान रावण की प्रतिमा पर ही चढ़कर उसे मारने की कोशिश करती हैं। इस दौरान रावण की सेना के राक्षस, राम सेना के युवकों को चढ़ने और उसे मारने से रोकते हैं। लेकिन अंतत राम की सेना का एक युवक रावण के कंधे पर चढ़कर उसकी लंबी नाक पर मुक्का मारता है। जिसे रावण वध का प्रतीक माना जाता है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा का आज भी निर्वाह हुआ और यहां राम की सेना में शामिल घनश्याम धाकड़ नामक युवक ने रावण के नाक तोड़कर रावण वध किया।

# पालिथीन का उपयोग नहीं करे, गणपति नगर के गरबे में नपाध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने दी सलाह

**गणपति नगर में गरबा का हुआ समापन, नपाध्यक्ष ने किया पुरुस्कार वितरण**

**नीमच, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गणपति नगर वार्ड नंबर 8 में शुक्रवार को नवमी के दिन गरबा का समापन हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपडा व वार्ड नंबर 7 की पार्षद सुमित्रा पोरवाल प्रारंभ में नवदुर्गा महिला मंडल की सदस्यों व अन्य महिलाओं, बालिकाओं के साथ गरबा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथि बतौर नपाध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव चौपड़ा, पार्षद सुमित्रा पोरवाल, पार्षद दुर्गाशंकर भील, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश पोरवाल, समाज सेवी दौलत चारण उपस्थित रहे। सभी का स्वागत नवदुर्गा महिला मंडल ने किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने सभी को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। खासकर पॉलिथीन के



दुष्परिणाम बताए । स्वागत पश्चात पुरुस्कार वितरण प्रारंभ हुआ। सभी गरबा खेलने वाली महिलाओं, बालिकाओं और नव दुर्गा महिला मंडल की सदस्याओं का प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट देकर सभी को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर नव दुर्गा महिला मंडल की सदस्याओं ने पार्षद सुमित्रा पोरवाल, पार्षद दुर्गा शंकर भील व मुकेश पोरवाल का सम्मान किया। पश्चात सभी महिलाओं ने गरबा खेला। यह पर्व नवदुर्गा महिला मण्डल की श्रीमती पुष्पा सिसोदिया, श्रीमती बेला सोनी, श्रीमती संतोष चान्दना, श्रीमती रेखा चौधरी, श्रीमती आशा प्रजापति, श्रीमती हेमलता सोलंकी, श्रीमती ममता सिसोदिया, श्रीमती सीता नामदेव, श्रीमती पिंकी मंडावर, श्रीमती पुष्पा सिसोदिया, श्रीमती सुधा सोलंकी, श्रीमती मंजू कुंवर, श्रीमती पवन कुंवर, श्रीमती उमा परवार, श्रीमती गीता पालोदा, श्रीमती हेमलता पंवार, श्रीमती चंदा मीणा, श्रीमती सुरभि पटेल, श्रीमती सविता परमार, श्रीमती किरण दवे, श्रीमती आशा परमार, श्रीमती संतोष जी, श्रीमती गुड्डी चावला आदि के प्रयासो से मनाया गया।

# नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने उपकरणों की पूजा की

**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दशहरा पर्व पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति में नपा कार्यालय भवन व रामघाट परिसर पहुंचकर नपा की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों के द्वारा आयोजित उपकरणों के पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। सर्वप्रथम श्रीमती गुर्जर ने लोकनिर्माण शाखा के कर्मचारियों के साथ उनके उपकरणों में पूजन में सहभागिता की। इसके बाद उन्होंने नवीन फिल्टर प्लांट रामघाट पहुंचकर नपा सभापति श्री निलेश जैन के साथ भी पूजन किया। श्रीमती गुर्जर ने गैरेज शाखा के पूजन में राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर के साथ सहभागिता की और यहां गैरेज के



उपकरणों की पूजा व उसके बाद आरती की। इस अवसर पर नपा सभापतिगण निर्मला नरेश चंदवानी, निलेश जैन, रमेश ग्वाला, सत्यनारायण भांभी, पार्षद सुनीता गाजवा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने भी उपकरणों की पूजा में सहभागिता की और नपा कर्मचारियों के साथ आरती का भी लाभ लिया। नपा कार्यालय परिसर में नपा केलाइनमैन व विद्युत शाखा केकर्मचारियों के द्वारा भी उपकरणों की पूजा का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभापतिगण निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, पार्षद सुनीता भावसार, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, युवा नेता राजेश गुर्जर, राकेश भावसार आदि ने भी सहभागिता की। नपा की विभिन्न शाखाओं के द्वारा पांच स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें संबंधित शाखा के कर्मचारी शामिल हुए।

## ब्रह्माकुमारी में नवरात्रि महोत्सव पर भव्य सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नीमच, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** ब्रह्माकुमारीज़, पावन धाम नीमच के प्रांगण में नौ दिवसीय नवदुर्गा कार्यक्रमों का समापन नवरात्रि के अन्तिम दिवस पर देर रात 12 बजे तक भव्य साज-सज्ञा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। पावन धाम का पूरा ही परिसर लगभग 1000 भाई बहनों ने लबरेज था। विशाल सद्भावना सभागार के अलावा बाहरी प्रांगण में विशाल टीवी स्क्रीन लगाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लाईव प्रसारण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सुसज्ञित तीन देवीयाँ जिनमें शेर पर सवार अष्टभुजाधारी दुर्गा के रूप में पिपलिया मण्डी की कु. श्रृद्धा चौधरी, कमल आसन पर विराजमान श्री लक्ष्मी के स्वरूप में रामपुरा की कु. परी खण्डूजा एवं माँ सरस्वती के रूप में बघाना की कु. चित्रांशा गौड ने चार घण्टे से अधिक चले कार्यक्रम में बिना थके एक टक रूप से तीन देवीयों का सजीव स्वरूप प्रकट किया। इनके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से स्वागत डांस, कैलाश शर्मा, शुभम गौड एवं विशेष चौरसिया ने प्रस्तुत किया, साथ ही विभिन्न ग्रुप डांस एवं व्यक्तिगत प्रस्तुति में भावना कस्तुरी, स्नेहलता बागडी, वर्षा, मधु एवं चेतना अहीर, अनुष्का सुरागी, रीना गौड, लक्षिता पाटीदार, सोनल, शिक्षा व साक्षी गुजराती, सुरभि रामावत, रिषिका अहीर, भूमिका बोरीवाल, नियति वधवा, प्रियाना गुलाटी, तनिशा छाबड़ा, यशि वधवा, अवनि राठौर, माही राठौर, खुशी तिवारी, प्रिंसी कराडा, रूचि कस्तुरी, पलक अजमेरा आदि ने सुंदर साज सज्ञा के साथ विभिन्न नृत्य प्रस्तुत किये, साथ ही धनराज अहीर ने सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की तथा सुरज नैनवाया ने ढोलक तबले व हारमोनियम की संगत पर आ माँ आ तुझे दिल ने पुकारा.. गीत की जोरदार प्रतिध्वनि हॉल में गुंजायमान करके सभी में जोश की लहर जागृत कर दी। कार्यक्रम को शुभाशीष देते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सविता दीदी एवं बी.के.सुरेन्द्र भाई ने सभी स्वांगधारियों एवं नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बाल कलाकारों को बधाई देते हुए उनकी प्रस्तुति की सराहना की। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन बी.के.श्रुति बहन ने किया एवं अंत में सभी को थाली भर भरकर महाप्रसादी वितरित की गई।





## रावण दहन, शस्त्र पूजन हुआ एवं पथ संचलन निकला

**नाहरगढ़, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** परम्परानुसार इस वर्ष भी नाहरगढ नगर मे आर एस एस का पंथ संचलन निकला जिसका जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। पुलिस थाना नाहरगढ मे थाना प्रभारी प्रभात गौड सहित स्टाफ सदस्य ने उपस्थित होकर थाना मे शस्त्र पूजन किया। दशहरा मैदान पर शनिवार को शाम 6: 28 मिनट पर रंगारंग आतिश बाजी के साथ रावण का दहन हुआ।

**अंग्रेजी मानसिकता एवं संस्कृति विरोधी...**

# आईएएस अधिकारियों के मकड़ जाल में फंसी है मप्र के शिक्षा विभाग की सभी इकाइयां

**मंदसौर, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में सरकार भले ही भारतीय संस्कृति की पोषक हो किंतु उसको पलीता लगाने का काम शिक्षा विभाग में नियुक्त अधिकारी जम के कर रहे हैं। सरकारी योजनाओं की बैंड जोर-जोर से बजाई जा रही है किंतु धरातल पर काम नजर नहीं आ रहा है और ना ही नीतियों में कोई स्थायित्व दिखाई देता है। जैसे-



**नि:शुल्क गणवेश**-नये शिक्षा सत्र के 4-5 महीने बीत गए हैं किंतु कक्षा 1से 8 तक गणवेश वितरण की कोई व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है। पिछले साल स्व-सहायता समूह से गणवेश का निर्माण कर, प्रदान की गई थी किंतु अभी तक अनिर्णय की स्थिति बनी हुई है।

**साईकिल वितरण**-इसी प्रकार प्रदेश में करीब प्रतिवर्ष साढ़े चार लाख साइकिलों का वितरण किया जाता है। पिछले सत्र में विद्यार्थी के खाते में 4500 साइकिल के लिए जमा कराए गए थे किंतु अब पूरे प्रदेश में साइकिलों का वितरण किया जाएगा। यह साइकिलें कक्षा छठी एवं नवी में वितरण की जाती है। किंतु उसके लिए भी बार-बार नीतियां बदलते रहते है।

**निःशुल्क पुस्तक वितरण**-प्रतिवर्ष शासन के द्वारा कक्षा 1 से 12 तक निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण करने की व्यवस्था की जाती है किंतु अभी तक प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण नहीं हो पाया है और यदि कहीं हुआ है तो वहाँ पूर्ण व्यवस्था नहीं हो पाई है जबकि शिक्षा सत्र प्रारंभ हुई चार से पांच महीने बीत चुके हैं।

**शासन द्वारा वितरित पाठ्यपुस्तक में से प्रश्न ही कम पूछे जाते हैं क्योंकि प्राइवेट प्रकाशकों का खेल चलता है**-आपको यह जानकर हैरत होगी कि सरकार द्वारा वितरित कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं में जो डायवर्सिफाइड विषय होते जैसे रसायन, शास्त्र, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य विषय के अतिरिक्त अन्य से वार्षिक बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पूछने का जो औसत है वह केवल 15 से 20% प्रश्न पूछे जाते हैं जबकि प्राइवेट प्रकाशन से जो पुस्तकें अनुशंसित की जाती है, उनमें से अधिक प्रतिशत % प्रश्न पूछे जाते हैं, जिसके कारण कक्षा 12वीं का परीक्षा फल हमेशा बिगड़ता है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है स्कूल के वे निर्धन छात्र जो केवल शासकीय किताबों पर आधारित है उनका तो फेल होना या पूरक में आना निश्चित ही है।

**माध्यमिक शिक्षा मंडल**-माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा शुल्क में एवं नामांकन शुल्क में निरंतर वृद्धि की जा रही है तथा श्रमिकों की संबल योजना के अंतर्गत ढाई लाख विद्यार्थियों की 1550 रुपए प्रति विद्यार्थी परीक्षा शुल्क विगत 6 वर्षो सें माध्यमिक शिक्षा मंडल लौटा नहीं रहा है जो लगभग चार अरब रुपए के आसपास है।

**सी एम राईज स्कूल**-सी एम राईज स्कूल खोलने से जहां एक और विद्यार्थियों को एक बडे स्कूल का लाभ मिलेगा वहीं आसपास के छोटे-छोटे स्कूल बंद होने के कगार पर हैं ,जबकि प्रदेश के अनेक शहरी और ग्रामीण स्कूलों में पर्याप्त स्टाफ का प्रबंध अभी तक नहीं हो पाया है। ऐसे अनेक प्राइमरी, मिडिल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भी है जिनमें स्टाफ का पूर्णत:अभाव है। अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जी अभी तक सक्रियता नहीं दिखाई जा रही है। यदि बड़ी-बड़ी स्कूल बिल्डिंग बना भी ली हो तो उसका फायदा तो तभी होगा जब शिक्षकीय स्टाफ वहाँ मौजूद हो। इसके साथ ही वर्ष भर त्योहारों की छुट्टियों का विभाजन भी पूर्णत: अवैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि शिक्षा विभाग में संस्कृति विरोधी आई ए एस अधिकारी इस सरकार को असफल करना चाहते हैं, तथा मध्य प्रदेश के त्योहारों को बिगाड़ना चाहते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रदेश में लागू हुई करीब 4 वर्ष हो गए किंतु धरातल पर यह शिक्षा नीति कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। अत: शिक्षा मंत्री जी और मुख्यमंत्री जी को चाहिए कि- आपकी सरकार का दबाव इन आईएएस अधिकारियों एवं शिक्षा अधिकारियों पर बनाएं ना कि उनके दबाव में आपकी सरकार चले।

**रमेशचन्द्र चन्द्रे**



## विजयादशमी पर्व पर पुलिस लाइन कनावटी में शस्त्र पूजन संपन्न

**नीमच, 13 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** हर साल की तरह इस साल भी नीमच पुलिस लाइन कनावटी पर विजयादशमी के पावन अवसर पर शस्त्र पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसपी श्री अंकित जासवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोंचार के साथ हवन किया, शस्त्रों की पूजा की और मां काली से प्रार्थना कर आरती भी की। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, नीमच एडिशनल एसपी श्री नवलसिंह सिसोदिया, सीएसपी श्री अभिषेक रंजन, रक्षित निरीक्षक श्री विक्रम सिंह भदौरिया, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, सांसद प्रतिनिधी श्री आदित्य मालू ने विधायक प्रतिनिधि श्री निलेश पाटीदार भी उपस्थित थे।

